# राधेश्याम सीताराम बोलो सुबह और शाम | By Sunil Sarvottam |

राधे श्याम राधे श्याम
बोलो सुबह और शाम
बन जाएँगे बिगड़े
हुए सब काम

सीता राम सीता राम
बोलो सुबह और शाम
बन जाएँगे बिगड़े
हुए सब काम

राम जी के नाम से तो
पत्थर भी तैरते
दुःख और मुसीबत ना
पलकों पे ठहरते
सीता जी का नाम प्यारा
भव सागर से पार उतारा
जय जय सीता राम

राधे श्याम राधे श्याम
बोलो सुबह और शाम
बन जाएँगे बिगड़े
हुए सब काम

श्याम नाम लेने से तो
होते वारे-न्यारे हैं
श्याम साँवरे तो
हारे हुए के सहारे हैं
राधे राधे गाते जाओ
मनचाहा फल पाते जाओ
जय जय राधे श्याम

राधे श्याम राधे श्याम
बोलो सुबह और शाम
बन जाएँगे बिगड़े
हुए सब काम

राधे श्याम बोलो
चाहे सीता राम बोलो
सीता राम बोलो चाहे
राधे श्याम बोलो
ये दोनों हैं तारणहारे
ये दोनों हैं पालनहारे
बोलो सुबह-शाम

राधे श्याम राधे श्याम
बोलो सुबह और शाम
बन जाएँगे बिगड़े
हुए सब काम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8/